आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 09.07.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों– बिमला गुंज्याल और यशपाल सिंह नेगी के निर्विरोध ग्राम प्रधान चुने जाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे रिवर्स पलायन का एक प्रेरणादायक और सुखद उदाहरण बताया।
- सांसद अजय भट्ट ने नैनीताल जिले के रामगढ़ में विकसित किये गये सेब बागान का निरीक्षण कर वहां चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।
- ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने ऋषिकेश में भारतीय ग्रामोत्थान संस्था के कार्यालय का निरीक्षण किया।
- स्वास्थ्य विभाग ने हरिद्वार में आगामी 11 जुलाई से शुरू होने वाले कांवड़ मेले में पहली बार पांच जगहों पर मेडिकल रिलीफ पोस्ट लगाने की शुरुआत की।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व पुलिस महानिरीक्षक बिमला गुंज्याल के पिथौरागढ़ जिले की गुंजी ग्राम पंचायत और पूर्व कर्नल यशपाल सिंह नेगी के पौड़ी जिले की बिरगण ग्राम पंचायत के निर्विरोध ग्राम प्रधान निर्वाचित होने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने इसे रिवर्स पलायन का एक प्रेरणादायक और सुखद उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि दोनों सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों का ग्राम प्रधान चुना जाना पंचायती राज व्यवस्था को मजबूती देगा और उनके अनुभव से ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की, कि गुंजी और बिरगण ग्राम पंचायतें मॉडल ग्राम के रूप में उभरेंगी। श्री धामी ने कहा कि इस प्रकार के उदाहरण दर्शाते हैं कि सेवानिवृत्ति के बाद भी व्यक्ति अपने अनुभव और सेवा भावना से गांव की प्रगति में अहम भूमिका निभा सकता है। राज्य सरकार ऐसे सभी प्रयासों को पूर्ण सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण आजीविका, कृषि, बागवानी और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए सतत कार्य कर रही है, ताकि गांव आत्मनिर्भर बनें और रिवर्स पलायन की यह परंपरा मजबूत हो सके।

## अजय भट्ट

प्रदेश में पर्वतीय क्षेत्रों के बागवानी आधारित पर्यटन को प्रोत्साहित करने के प्रयासों को बल मिलता दिखाई दे रहा है। इसी कड़ी में सांसद अजय भट्ट ने नैनीताल जिले के रामगढ़ में विकसित किये गये सेब बागान का निरीक्षण कर वहां चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बागवानी पर्यटन के माध्यम से जहां पर्यटकों को सेबों के बगीचों में भ्रमण जैसे नए अनुभव प्राप्त होंगे, वहीं क्षेत्रीय लोगों के लिए स्वरोजगार और प्रशिक्षण के अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने बताया कि रामगढ़ में आठ एकड़ भूमि पर पांच करोड़ रुपये से अधिक की लागत से एक विशेष परियोजना तैयार की जा रही है। इसके तहत किसानों के लिए प्रशिक्षण केंद्र, पर्यटकों के लिए आधुनिक कैफे हट्स और ठहरने की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। यह परियोजना क्षेत्रीय पर्यटन को नया आयाम देने के साथ ही कृषि आधारित आजीविका को भी बढ़ावा देगी।

## मॉनसून तैयारी

मॉनसून सीजन के दृष्टिगत नैनीताल जिले में संभावित आपदा की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सक्रियता दिखाई जा रही है। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी, प्रशासन, विवेक रॉय ने हल्द्वानी में नगर निगम और नगर पालिकाओं के अधिकारियों के साथ आपदा पूर्व तैयारी की समीक्षा की। इस दौरान जिले के 92 अधिकारियों द्वारा विभिन्न नगर क्षेत्रों के निरीक्षण के बाद प्रस्तुत आख्या रिपोर्टों की समीक्षा की गई। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति

में लापरवाही न बरती जाए और मॉनसून सीजन के दौरान जनसुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध पूरी की जाएं।
बैठक में हल्द्वानी नगर निगम की नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर सभी वार्डों में नालियों और नालों की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जहां जानबूझकर कूड़ा डाला जा रहा है, वहां सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं और चालानी कार्रवाई की जाएगी।

## <u>गणे□ा जो□ी</u>

ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने ऋषिकेश के ढालवाला स्थित भारतीय ग्रामोत्थान संस्था के कार्यालय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्थानीय रेशों, भीमल, कंडाली और भांग से तैयार किए जा रहे उत्पादों का अवलोकन किया। संस्था की अध्यक्ष गीता चंदोला ने बताया कि संस्था बीते 35 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों की बेरोजगार महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को विभिन्न विभागों के सहयोग से प्रशिक्षण दिया जाता है और उनके उत्पादों की बिक्री विभिन्न प्रदर्शनियों के माध्यम से की जाती है। उन्होंने ग्राम्य विकास मंत्री से संस्था के लिए एक स्थायी इंपोरियम की मांग भी की, ताकि स्थानीय उत्पादों को बाज़ार उपलब्ध कराया जा सके। श्री जोशी ने इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए महिलाओं को मसूरी में शीघ्र ही स्थायी इंपोरियम स्थापित किए जाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के सपने को साकार करने की दिशा में यह संस्था सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के हुनर को मंच देना सरकार की प्राथमिकता है।

## <u>स्वास्थ्य विभाग/कांवड़</u>

स्वास्थ्य विभाग ने आगामी 11 जुलाई से शुरू होने वाले कांवड़ मेले में पहली बार पांच जगहों पर मेडिकल रिलीफ पोस्ट लगाने की शुरुआत कर दी है। हरिद्वार के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.के सिंह ने बताया कि पंतद्वीप, बैरागी कैंप, बहादराबाद और रोड़ी बेलवाला में मेडिकल रिलीफ पोस्ट कंटेनर लगाए गए हैं, जबकि हरकी पैड़ी में कांवड़ मेले से पहले मेडिकल रिलीफ स्थापित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ये कंटेनर आगामी कुंभ और अन्य पर्वों पर भी यात्रियों की सुविधा के लिए संचालित किया जाएगा। वर्तमान कांवड़ मेले में 29 अस्थायी कैंपों का संचालन किया जाएगा। उन्होंने बताया एक नई पहल के अंतर्गत इस बार पांच अलग–अलग स्थानों पर मेडिकल पोस्ट लगाए गए हैं। इन रिलीफ पोस्ट में मरीज के लिए एक बेड की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

## <u>निरीक्षण</u>

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने विकास भवन का औचक निरीक्षण कर विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों में चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और कर्मचारियों की उपस्थिति व कार्यप्रणाली को परखा। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से जन शिकायतों के निस्तारण, लंबित मामलों और सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति के बारे में जानकारी ली।
उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने कार्यों में पारदर्शिता और तेजी लाएं, ताकि जनता को समय पर और सुचारू रूप से सरकारी सेवाओं का लाभ मिल सके।

**एसडीआरएफ**

उत्तराखंड में चीन सीमा पर अमरनाथ जैसी बर्फ से बनी शिवलिंग की आकृति मिली है। उत्तरकाशी की नेलांग घाटी क्षेत्र में पर्वतारोहण अभियान के दौरान एसडीआरएफ के दल ने इसे खोजा है। शिवलिंग के पास नन्दी जैसी आकृति भी है। एसडीआरएफ ने इसकी रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी है।